Title: Demand to start early the gauge conversions of the Gorakhpur-Gonda-Anandnagar-Nautanva Railway line.

कुंवर अखिलेश सिंह : उपाध्यक्ष महोदय, पूर्वोत्तर रेलवे के अंतर्गत गोरखपुर, गौंडा रेल आमान-परिवर्तन के लिए वर्ा 1996 में परियोजना स्वीकृत हुई थी। उसके लिए रेल मंत्रालय ने एक लाख रुपये की टोकन मनी भी रिलीज की थी। इस वित्तीय वर्ा में तत्कालीन रेल मंत्री माननीय ममता बनर्जी जी ने एक करोड़ रुपये गोरखपुर, गौंडा और आनंद नगर नौथन्वा रेल लाइन के आमान परिवर्तन के लिए निर्धारित किए। यह रेल लाइन भारत और नेपाल के सीमावर्ती इलाके को जोड़ती है तथा गौतम-बुद्ध की जन्मस्थली लुम्बिनी और उनकी राजधानी कपिलवस्तु को भी जोड़ती है। इतने महत्वपूर्ण मार्ग पर अभी तक आमान परिवर्तन नहीं किया गया है। अगर इस रेल लाइन के आमान परिवर्तन का काम किया जाए तो देश-विदेश से आने वाले तीर्थ-यात्रियों को सुगम रेल-मार्ग भारत से नेपाल और नेपाल से भारत आने के लिए प्राप्त होगा।

साथ ही साथ गौतम बुद्ध की जन्म स्थली लुम्बनी से गौतम बुद्ध के निर्वाण स्थल कुशीनगर तक आने के लिए सुगम मार्ग प्राप्त होगा और सारनाथ तथा बोधगया के लिए उन्हें सीधा रेल मार्ग प्राप्त होगा। मेरी सरकार से मांग है कि गोरखपुर, गोंडा और आनन्दनगर नौतनवां रेल लाइन का आमान परिवर्तन अतिशीघ्र प्रारम्भ किया जाए। â€¦(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदयः जो लोग हल्ला करेंगे मैं उन्हें नहीं बुलाऊंगा। याद रखिए, यदि उनका नाम भी होगा तो भी नहीं बुलाऊंगा।